प्रादेशिक समाचार
दिनांक–11.07.2024 (दोपहर–1455 बजे)

भारत निर्वाचन की टीम ने आज दूसरे दिन रामगढ़ जिले के पतरातू में सभी जिलों के निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक कर राज्य में होने वाली विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक के बाद राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि झारखण्ड में कितने चरणों में चुनाव की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी, इसकी घोषणा जल्द ही होगी। उन्होंने कहा कि अभी विधानसभा चुनाव में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य किया जाना है। ऐसे सभी वोटरों को इसमें शामिल करना है, जो 18 वर्ष से ऊपर हो चुके हैं।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आज नई दिल्ली में प्रसिद्ध अर्थशास्त्रियों और वित्तमंत्री के साथ बैठक शुरू हो गयी है। इस बैठक में आगामी केंद्रीय बजट के लिए उनके विचार और सुझाव लिए जा रहे हैं। संसद का बजट सत्र इस महीने की 22 तारीख को शुरू होगा। वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन लोकसभा में केंद्रीय बजट 2024–25 पेश करेंगी। यह नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट होगा।

****

नीट यूजी पेपर लीक मामले में दायर याचिकाओं पर सर्वोच्च न्यायालय में आज सुनवाई टल गयी। अगली सुनवाई की तिथि 18 जुलाई को निर्धारित की गयी है। इससे पहले कल केन्द्र और एनटीए की ओर से अलग–अलग हलफनामा शीर्ष अदालत में दायर किया गया। हलफनामे में कहा गया है कि नीट–यूजी परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी नहीं हुई है। केन्द्र की ओर से कहा गया है कि वह नीट परीक्षा फिर से कराने के पक्ष में नहीं है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल 15 सौ पीजीटी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में आयोजित समारोह में शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिये जायेंगे। दोबारा मुख्यमंत्री बनने के बाद श्री सोरेन पहली बार इतनी बड़ी संख्या में नियुक्ति पत्र बांटेंगे।

****

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) ने मई 2024 में आयोजित CA फाइनल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं का रिजल्ट जारी कर दिया है. उम्मीदवार आईसीएआई की ऑफिशियल वेबसाइट icaiexam.icai.org या icai.org या icai.nic.in पर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। सीए ग्रुप 1 और ग्रुप 2 इंटर परीक्षा में कुल उनसठ हजार 9 सौ छप्पन उम्मीदवार शामिल हुए थे. जिनमें से ग्यारह हजार इकताली उम्मीदवारों ने क्वालिफाई किया है।

****

झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान 14 जुलाई और असम के मुख्यमंत्री एवं चुनाव सह–प्रभारी हिंमता विश्व सरमा 16 जुलाई को रांची पहुंचेंगे। ये दोनों नेता अमित शाह की बैठक को लेकर तैयारियों की समीक्षा करेंगे। शिवराज 14 जुलाई को रांची में पार्टी की ओर से खिजरी विधानसभा में आयोजित कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह और विजय संकल्प सभा में हिस्सा लेंगे।

****

सिमडेगा जिले में विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को ऊंचा उठाने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विभिन्न प्रखंडों में पुस्तकालय का निर्माण कराया जा रहा है।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिला मुख्यालय चाईबासा स्थित वनपाल प्रशिक्षण केन्द्र परिसर में प्रकृति व्याख्या केंद्र की स्थापना की गयी है। टाटा स्टील द्वारा लगभग 6 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस प्रकृति व्याख्या केंद्र का लोकार्पण मंत्री दीपक बिरुवा ने किया। टाटा स्टील नोवामुंडी के महाप्रबंधक अतुल भटनागर ने बताया कि इस केंद्र का निर्माण वन प्राणियों के संरक्षण और संवर्धन के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से किया गया है।

****

साइबर अपराध के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने गिरिडीह जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर छह साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से 12 मोबाइल फोन समेत कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं।

****

राज्य में करीब एक हफ्ते बाद मानसून फिर सक्रिय हो गया है। देवघर में आज सुबह से ही रुक–रुक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन रांची समेत 14 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

*****समाप्त*************